# NOTE FOR JUSTI FICATION

**परियोजना का विवरण :—जनपद अल्मोड़ा में अल्मोड़ा—घाट मोटर मार्ग के चितई पंत तिराहे से (हरिदत्त पेटशाली इण्टर कालेज से आगे) पेटशाल तक वैकल्पिक मोटर मार्ग (लम्बाई 6.00 किमी0)**

उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग ग्राम चितई तिवाड़ी, चितई पन्त, मन्योली, पूनाकोट तथा पेटशाल बाड़ी ग्रामों से होकर गुजरता है। जिनकी आबादी 1290 है। यह मार्ग अल्मोड़ा—घाट मोटर मार्ग के किमी0 10 हे0 4—6 से प्रारम्भ होता है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी। गांव में चिकित्सालय तथा विद्यालय खुलने के और नए अवसर मिलेंगे। ग्रामवासी अपने उत्पादित फल, सब्जी, अनाज आदि को बिना किसी कठनाई के बाजार तक ले जा पायेंगे। साथ ही गांव विकास की ओर अग्रसर होगा, एवं स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा ग्रामवासियों का बाहर को पलायन भी नहीं होगा।

यह समरेखन आरक्षित वनभूमि, सिविल भूमि (राज्य भूमि) तथा वनपंचायत भूमि व नाप भूमि से होकर गुजरता है। अन्य किसी भी श्रेणी की भूमि प्रभावित नहीं होती है। समरेखन के अन्तर्गत कोई मकान, मस्जिद, कब्रिस्तान का भाग नहीं पड़ता है।

उक्त मार्ग की लम्बाई 5.00 किमी0 आती है, तथा मार्ग की चौड़ाई 9.00 मीटर ली गयी है। मार्ग के निर्माण में 1.99875 है0 सिविल भूमि, 0.170 है0 वनपंचायत भूमि, 0.270 है0, आरक्षित भूमि (कुल 2.43875 है0 भूमि) तथा 2.96125 है0 नाप भूमि में प्रभावित होती है। उक्त प्रयोजनार्थ इस भूमि हेतु न्यूनतम समरेखणों पर विचार किया गया है।

**समरेखण न0—1** इस समरेखन के अनुसार इस मोटर मार्ग अल्मोड़ा—घाट मोटर मार्ग के किमी0 10 हे0 4—6 से (चितई पन्त) हरीदत्त पेटशाली द्वारा निर्मित मार्ग के प्रारम्भिक 125 मी0 भाग से होते हुए ग्राम चितई पन्त, चितई तिवाड़ी ग्राम दमोड़ा, मन्योली, पाताल देवी को जोड़ते हुए पेटशाल में अल्मोड़ा—घाट मोटर मार्ग के किमी0 13 हेमी0 4—6 नौले के पास समाप्त होता है। मार्ग की लम्बाई 7.700 किमी0 आती है, परन्तु इस 2.00 किमी0 का समरेखन अधीक्षण अभियन्ता, प्रथम वृत्त, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा का पत्रांक—1076/769 सी0 दि0 05.05.2003 द्वारा स्वीकृत है एवं वन भूमि भी स्वीकृत है। इस पूरे समरेखन में 04नं0 15मी0 स्पान, 01नं0 6मी0 स्पान, 01नं0 6मी0 स्पान तथा 01नं0 12मी0 स्पान के पुल बनाने पड़ेगे तथा मार्ग में 6 हेअरपिन बैंड है, तकनीकी दृष्टि से ग्रेड सही मिलता है। इस समरेखण के अनुसार मोटर मार्ग के निर्माण हेतु ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि सहमत है।

**समरेखन न0—2** इस समरेखन के अनुसार इस मोटर मार्ग अल्मोड़ा—घाट मोटर मार्ग के किमी0 10 है0 4—6 से (चितई पन्त) हरीदत्त पेटशाली द्वारा निर्मित मार्ग के प्रारम्भिक 125 मी0 भाग से होते हुए ग्राम चितई पन्त, चितई तिवाड़ी ग्राम दमोड़ा, मन्योली, पाताल देवी को जोड़ते हुए पेटशाल में अल्मोड़ा—घाट मोटर मार्ग के किमी0 13 हेमी0 4—6 नौले के पास समाप्त होता है। इस पूरे समरेखन में 03नं0 15मी0 स्पान, 011नं0 6मी0 स्पान तथा 01नं0 12मी0 स्पान के पुल बनाने पड़ेगे तथा मार्ग में 10 हेअरपिन बैंड है, तकनीकी दृष्टि से ग्रेड सही मिलता है तथा समरेखन की लम्बाई अधिक है। इस समरेखण के अनुसार मोटर मार्ग के निर्माण हेतु ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि सहमत नहीं है।

उक्त को ध्यान में रखते हुए समरेखन न0 2 को निरस्त कर समरेखन न0 01 को अधीक्षण अभियन्ता द्वारा अनुमोदित किया गया है। उक्त मोटर मार्ग के निर्माण में 2.43875 है0 भूमि प्रभावित होती है जो न्यूनतम है। मोटर मार्ग की लम्बाई 6.00 किमी0 तथा चौड़ाई 9.00 मीटर ली गयी है। उक्त भूमि में मोटर मार्ग का निर्माण करने से पूर्व यह प्रस्ताव गठित कर स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

अतः प्रस्तावित मोटर मार्ग का वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव स्वीकृत करने की कृपा करें।

उप प्रभागीय वनाधिकारी अल्मोड़ा

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता | सहायक अभियन्ता | अधिशासी अभियन्ता |
| नि.ख.लो.नि.वि | नि.ख.लो.नि.वि | नि.ख.लो.नि.वि |
| अल्मोड़ा | अल्मोड़ा | अल्मोड़ा |

वन क्षेत्राधिकारी
अल्मोड़ा वन क्षेत्र अल्मोड़ा

प्रभागीय वनाधिकारी,
सिविल एवं सोयम वन प्रभाग अल्मोड़ा